

सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति बड़ा तालाब बोरिया।



भूतभावन महादेव मंदिर राइस मिल बोरिया।



बोरिया। पौड़ी छपरी खैरमाता मंदिर स्थित मूर्ति।



नव जागृति गणेशोत्सव समिति स्कूल बेलखाड़ू।



मां कर्मा माई समिति बेलखाड़ू साहू मोहल्ला।

# 1101 आशीर्वाद के दीपों से जगमगाया बाबाताल

## भोलेनाथ की आरती में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, विधायक संतोष बरकड़े ने किया दीप प्रज्ज्वलन




**सिहोरा नवभारत 18 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत सिहोरा के हृदय स्थल स्थित शिव मंदिर बाबा ताल में धार्मिक एवं सेवा भाव से जुड़ा भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में 1101 दीप प्रज्ज्वलित किए गए और बाबा भोलेनाथ की विधि-विधान से आरती की गई। दीपों की रोशनी से पूरा बाबा ताल परिसर जगमगा उठा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और श्रद्धालु शामिल हुए। सिहोरा विधायक संतोष बरकड़े ने बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना कर विधि-विधान से आरती की और दीप प्रज्ज्वलित किए।

### सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार

आयोजकों ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य सेवा, समर्पण और सामाजिक सरोकार की भावना को मजबूत करना तथा लोगों को सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करना रहा। 1101 दीपों के सामूहिक प्रज्ज्वलन से बाबा ताल का वातावरण भक्तिमय हो गया।

### दीपों की रोशनी में गूंजा जयघोष

बाबा भोलेनाथ की भव्य आरती और 1101 दीपों की जगमगाहट के बीच सिहोरा में आयोजित सेवा संकल्प कार्यक्रम श्रद्धा, उत्साह और सेवा भावना का आकर्षण बना रहा।

## आंगनबाड़ी केंद्र गांधीग्राम में जले दीप



**सिहोरा नवभारत 18 सितंबर।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 4, गांधीग्राम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नीता सिंह बघेल के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय माताओं, किशोरियों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

**दीप प्रज्ज्वलन कर की दीर्घायु की कामना**-कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र को आकर्षक रूप से सजाया गया था। उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं और नन्हें-मुन्ने बच्चों ने अपने हाथों में दीप जलाकर प्रधानमंत्री के दीर्घायु जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। केंद्र में मौजूद बच्चों के उत्साह और सहभागिता ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

**पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता**-इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के तहत पोषण और स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती नीता सिंह बघेल ने उपस्थित माताओं और किशोरियों को संतुलित आहार, बच्चों के समुचित पोषण और दैनिक जीवन में स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे स्वस्थ समाज के निर्माण में मदद मिल सके। इस अवसर पर कार्यकता श्रीमती नीता सिंह बघेल,मातृशगनी समिति की अध्यक्ष सुमन नामदेव उपाध्यक्ष पुष्पलता नामदेव, अर्पित नामदेव, रामलाल, नामदेव प्रियंका असाटी, शिल्पा कोरी, जानकी आदिवासी लक्ष्मी भूमिया, शीला भूमिया,राजश्री चौरसिया, मनीष भूमिया, आदि सभी उपस्थित बच्चों के माता उपस्थित थे।

## सम्मेद गिरि गौशाला में सेवा संकल्प के लिए गायों को खिलाए केला और गुड़




**सिहोरा नवभारत 18 सितंबर।** विगत दिनों सम्मेद गिरि गोसलपुर स्थित गौशाला परिसर में एक सादगी भरा और प्रेरणादायक जन्मदिन समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय परंपरा के अनुसार गो-पूजन से हुई सर्वप्रथम गोवंश को केला, गुड़ एवं हरा चारा का गो-ग्रास खिलाया गया। मान्यता है की गोवंश को ग्रास खिलाने से पुण्य की प्राप्ति होती है।

इसके पश्चात गौशाला सेवा समिति के कर्मचारियों को फल वितरण किया गया यह दृश्य देखकर सभी ने सराहना की जन्मदिन के जश्न को दिखावे की बजाय सेवा के रूप में मनाया गया।

**ये रहे उपस्थित**-अरुण जैन, राकेश जैन, अंकुर जैन, यतेंद्र जैन, संदीप जैन, अमित जैन, रानू जैन, जीवनलाल गुप्ता, संजय सिंह सहित गौशाला परिवार सेवा समिति के सदस्य बिहारी लाल रजक, उपेंद्र यादव, धर्मेंद्र यादव, रिंकू यादव, हीरालाल, शिबू लोधी, गौरव बर्मन, अर्जुन दाहिया, प्रमोद, लक्ष्मी यादव, संतोष स्कूल, हरि बर्मन, संजय कोरी, रोहित, भोला, जीतू माली सहित बड़ी संख्या में गौसेवक। अंत में गौशाला परिवार के सभी गौसेवकों के बीच फल वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# रंगमंच पर कबीर की मूर्ति स्थापना से आक्रोश



### रोंसरा पंचायत के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**सिहोरा नवभारत 18 सितंबर।** ग्राम पंचायत रोंसरा में विधायक मद से निर्मित शासकीय रंगमंच पर संत कबीर की मूर्ति स्थापित किए जाने के प्रयास का ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है।

इस संबंध में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिहोरा-मझौली को एक आवेदन पत्र सौंपकर मूर्ति स्थापना पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### क्या है पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत रोंसरा में वर्ष 2024-2025 में विधायक मद से एक रंगमंच का निर्माण स्वीकृत हुआ था, जो अब बनकर पूर्ण हो चुका है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस शासकीय रंगमंच पर काछी समाज के कुछ व्यक्तियों द्वारा संत कबीर की मूर्ति की स्थापना करने की तैयारी की जा रही है।

### ग्रामीणों का तर्क

आवेदन में उल्लेख किया गया है कि उक्त रंगमंच का निर्माण सांस्कृतिक, सामाजिक कार्यक्रमों एवं गांव के लोगों के बैठने के उद्देश्य से कराया गया था, न कि किसी मूर्ति की स्थापना के लिए। ग्राम रोंसरा, रोंसरी एवं नयागांव के निवासियों तथा पूरे गांव का कहना है कि रंगमंच पर मूर्ति स्थापित नहीं होनी चाहिए। रंगमंच का उपयोग बैठने और विभिन्न सार्वजनिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के संचालन के लिए होता है, ऐसे में मूर्ति स्थापित होने से स्थल का मूल उद्देश्य प्रभावित होगा।

### प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग

ग्रामीणों ने एसडीएम राजस्व से विनम्र निवेदन किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए रंगमंच पर कबीर की मूर्ति स्थापना पर तुरंत रोक लगाई जाए। इस आवेदन पत्र की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत जबलपुर तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत मझौली को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है।

# आईटीआई के 50 छात्रों का समूह इंदौर के लिए रवाना

### राहुल गांधी की छात्रों की गूंज सभा में होंगे शामिल

**बेलखाड़ू नवभारत 18 सितंबर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेलखाड़ू के तत्वावधान में आईटीआई के 50 छात्रों को बस से कल इंदौर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा संबोधित किए जाने वाले छात्रों की गूंज कार्यक्रम हेतु रवाना कराया गया। सभी छात्रों को बस से रवाना करने के लिए आज यहां वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे।

**यादव ने बस को दिखाई हरी झंडी**-इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण व पूर्व विधायक संजय यादव ने हरि झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष विवेक पटेल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजीत सिंह परिहार, रूपेंद्र पटेल, पार्षद सतेंद्र चौबे गुड्डा, विवेक पटेल, संगठन मंत्री राजेश पटेल, एनएसयूआई नेता राहुल यादव रिंकू तिवारी, पवन सोनी, हर्षित यादव,अमन गोस्वामी, शुभम पटेल,अमन महेरे सहित अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।





# सेवा संकल्प अभियान के तहत किया रक्तदान

### कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर का शिविर

**जबलपुर नवभारत 18 सितंबर।** सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कल्चरल एंड इनफार्मेशन सेंटर घंटाघर जबलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया , जिसमें मुख्यमंत्री डॉ यादव ने रक्तदान करने वाले युवाओं की इस अमूल्य योगदान के लिए सराहना की और उनका हौसला बढ़ाया।

कार्यक्रम में नेताजी सुभाष चंद बोस मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग से एसोसिएट प्रोफेसर डॉ भगवान सिंग यादव, डॉ आकांक्षा, डॉ नीरज सेन, लेब टेक्निशियन रोहित मेहरा, काउंसलर ऋतु सिंह, सोशल वर्कर अर्चना शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, अंकित जाटव, मोहित सोनी, जतिन मेहरा एवं अन्य स्टाफ उपस्थित स्टाफ ने सेवाएं दीं।




# नगर के दर्जनों पंडालों में गणेश उत्सव की धूम

### जगमग रोशनी, भक्ति संगीत से आकर्षक हुए बाजार

**सिहोरा नवभारत 18 सितंबर।** गोसलपुर कछपुरा जुझारी सहित पूरे क्षेत्र में गणेश उत्सव की धूम मची हुई है।

श्री गणेश उत्सव के पावन अवसर पर नगर में दर्जनों स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं विराजमान की गई हैं। नगर के झंडा बाजार गुडहाई चौक, बस स्टैंड शंकर कालोनी रामलीला मैदान महाकाली मैदान सहित विभिन्न जगहो पर गणेश पंडाल सजाए गए हैं पंडालों को रंग-बिरंगी लाइटों और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है।

**सुबह-शाम आरती**-सुबह शाम आरती मे पंडालों में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। ढोल-नगाड़ों के साथ भक्ति भाव से श्री गणेश का पूजन, आरती और प्रसाद वितरण किया जा रहा है गणेश जी के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान है। समितियों द्वारा प्रतिदिन शाम को भजन-कीर्तन और महाआरती का आयोजन किया जा रहा है कई जगहों पर वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हो रहे है।



**अभियान** | ग्राम पंचायत कांकरखेडा, पौडी छपरी, रमखिरिया, नीची, सिमरिया जरोंद, अमरपुर, डुंगरिया, घटेरा, पडरिया व्यौहारी, हरदुआ, पौडीकला, पौडीखुर्द सहित कटंगी के दर्जनों गांवों में पहुंचे एसडीएम द्वारा तय दल

# नागरिकों से सीधी बात कर समस्याओं का किया निराकरण

**पाटन नवभारत 18 सितंबर।** मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिले की जनपद पंचायत पाटन की ग्राम पंचायत कांकरखेडा, पौडी छपरी, रमखिरिया, नीची, सिमरिया जरोंद, अमरपुर, डुंगरिया, घटेरा, पडरिया व्यौहारी, हरदुआ, पौडीकला, पौडीखुर्द एवं नगर परिषद कटंगी के वार्ड क्रमांक 10 से 12 का अनुविभाग स्तर पर गठित दलों ने भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान अभियान दलों ने शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की स्थिति जानी, विकास कार्यों का जायजा लिया तथा नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी किया।



अभियान के अंतर्गत अनुविभागीय राजस्व अधिकारी पाटन मानवेन्द्र सिंह के नेतृत्व वाले दल ने ग्राम पंचायत कांकरखेडा में स्कूल, आंगनवाडी केन्द्र, पंचायत भवन का निरीक्षण किया। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी श्री सिंह ने पंचायत भवन में ग्रामीणों से संवाद कर प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन से प्राप्त शिकायतों का भी समय पर और आवेदकों की संतुष्टि से निराकरण करने की हिदायत अधिकारियों को दी।

### एसडीएम ने भ्रमण के दिए थे निर्देश

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने ग्राम पंचायत पौडी (छपरी) के ग्राम अचलोनी के भ्रमण के दौरान मार्ग के किनारे लगी झाडियों की छटाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्रामवासियों की पोनिया मार्ग के निर्माण की मांग पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया। मुक्तिधाम में शेड निर्माण एवं हेंडपंप के फाउंडेशन का कार्य कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये गये। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को ग्राम पोनिया में क्षतिग्रस्त पाईप लाईन दो दिन के भीतर सुधारने की हिदायत दी गई।

अनुविभागीय राजस्व अधिकारी ने अभियान दल के सदस्यों के साथ ग्राम पंचायत रमखिरिया का भी भ्रमण किया। इस दौरान हाई स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षा के स्तर में गुणात्मक सुधार लाने पर जोर दिया तथा ग्रामीणों से प्राप्त शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु संबधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

### ग्रामीणा से किया गया संवाद

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत क्षेत्र भ्रमण के बाद नगर परिषद कटंगी में जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसंवाद के इस कार्यक्रम में नागरिकों को शासन द्वारा संचालित जनहितैषी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी दी गई किया गया तथा क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण की स्थिति प्रस्तुत की गई।